## संक्षिप्त

### 36 वीं पदयात्रा का जत्था रवाना

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** औद्योगिक नगरी नीमराणा नगरपालिका क्षेत्र से राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल के नेतृत्व में प्राचीन ठाकुर चतुर्भुज महाराज मंदिर से श्रीश्याम मित्र मंडल नीमराणा की 36 वीं पैदल यात्रा का जत्था बाबा खाटूश्याम दरबार के लिए रवाना हुआ। वहीं दूसरी तरफ बर्डोद नगर पालिका क्षेत्र में श्याम भक्तों ने श्याम दीवानों के लिए जलपान एवं विश्राम हेतु बर्डोद टोल टैक्स के पास शिविर का शुभारंभ किया।

### हथियारों के साथ दो जने गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा व 10 जिंदा कारतूस बरामद किये हैं। थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने बताया कि चांदोली से महेश पुत्र अमीचंद निवासी टोरडा गुजरान, ओम प्रकाश पुत्र बनवारी लाल निवासी टोरडा गुजरान को गिरफ्तार किया है।

### जनाना अस्पताल का निरीक्षण किया

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रमुख टोंक सरोज बंसल ने शुक्रवार रात्रि को जनाना अस्पताल टोंक का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ अस्पताल के इंचार्ज विनोद परवेरिया मौजूद रहे। जिला प्रमुख ने व्यवस्थाओं में सुधार के लिए निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रमुख ने प्रसुताओं की सार संभाल पूछी और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ, रोगियों के परिजनों से भी अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में व्याप्त गंदगी पर नाराजगी जताते हुए साफ-सफाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश बंसल सहित शहरवासी, एवं रोगियों के परिजन उपस्थित थे।

### कार्यालयों के लिए जगह चिन्हित की

**फागी, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा हाल ही में की गई बजट घोषणा में सरकारी कार्यालयों के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा एकराय बनाते हुए जगह चिन्हित की गई। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशन दाधीच के अनुसार एडीजे कोर्ट के लिए तहसील परिसर में, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियन्ता के लिए मांदी रोड, नगरपालिका कार्यालय के लिए ग्राम पंचायत परिसर में जगह चिन्हित की गई है। मौके पर उपखण्ड अधिकारी अरविन्द कुमार शर्मा तहसीलदार प्रहलाद सहाय, गोविन्द सिंह पंवार, रामावतार शर्मा, किशन गुर्जर, महावीर प्रधान सहित पटवारी गिरदावर एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### खाटूधाम के लिए पदयात्री रवाना

**खैरथल, (निसं)।** समीपवर्ती गांव रसगन मे श्रीश्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार को हारे का सहारा प्रभु श्याम हमारा के गगनचुंबी नारों के साथ खाटू धाम के लिए पद यात्रियों का जत्था रवाना हुआ। ग्राम पंचायत रसगन के पूर्व सरपंच श्योचन्द कसाणा व उप सरपंच देवेन्द्र यादव ने झंडी दिखा कर पद यात्रियों के जत्थे को रवाना किया।

# अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा लेवल प्रथम पहले दिन शांतिपूर्वक सम्पन्न

- पेपर लीक की अफवाहों के चलते इंटरनेट सेवाएं बंद की

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा आयोजित अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा लेवल प्रथम को लेकर जिला मुख्यालय पर शनिवार को दोनों पारियों में शांतिपूर्वक परीक्षा सम्पन्न होने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली है। जिसमें हजारो अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी।

हालांकि सवेरे जोधपुर में कथित पेपर लीक की खबरों की अफवाहों के चलते परीक्षार्थी परेशान से नजर आ रहे थे। जिसके चलते अचानक इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी गई। इस बार टोंक सहित राजस्थान के 11 जिलों में ही परीक्षा केन्द्र बनाये बनाये गये है। टोंक शहर में दो दिन तक चलने वाली परीक्षा के लिये शनिवार को पहली पारी सवेरे 9.30 से 12 बजे तक एवं पहली पारी में 24 केन्द्र बनाये गये हैं तथा दूसरी पारी में 20 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है, जहां पहली पारी में 8 हजार 703 परीक्षार्थियों में से 8 हजार 557 उपस्थित रहे तथा 146 अनुपस्थित रहे है। इसी प्रकार दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से 5.30 बजे तक सम्पन्न हुई, जिसमें 7 हजार 729 में से 7 हजार 605 परीक्षार्थी हाजिर रहे।

इधर परीक्षार्थियों की सुविधा को मध्यनजर रखते हुए राज्य सरकार के आदेश पर रोडवेज प्रबंधन की ओर से भी आवश्यक प्रबंध किये गये हैं। शाम को परीक्षा सम्पन्न होने के साथ शहर में सड़कों पर यातायात का दबाव बड़ गया और परीक्षाओं की भीड़-भाड़ हो गई, जिसके लिए यातायात टीम पूरे तरह से जुट कर यातायात व्यवस्था करने में जुटी नजर आई।



शाम को परीक्षा सम्पन्न होने के साथ शहर में सड़कों पर यातायात का दबाव बढ़ गया।

## ब्लॉक स्तरीय मुद्दों पर चर्चा की

**निवाई, (निसं)।** द हंगर प्रोजेक्ट द्वारा पंच सरपंच संगठन की बैठक डाक बंगले में आयोजित हुई। संगठन बैठक की अध्यक्षता सरपंच संघ अध्यक्ष शीला देवी मीणा द्वारा की गई।

बैठक में कुल 13 ग्राम पंचायतों से महिला वार्ड पंच, सरपंच, उपसरपंच जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। लुहारा सरपंच बिन्दु कंवर ने बताया कि ग्राम पंचायत में सार्वजनिक निर्माण विभाग से डामर सड़क व श्मशान घाट की चारदीवारी कार्य निर्माणाधीन है। सरपंच शीला देवी ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में बीसलपुर परियोजना से घर-घर नल कनेक्शन लगना चाहिए। लेकिन पंचायतें आज इस समस्या से जूझ रही है। रजवास से वार्डपंच रामा देवी ने बताया की ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का अभाव है कचरा पात्र तो रख दिए हैं लेकिन तरल व ठोस कचरा प्रबंधन हेतु कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण होना अनिवार्य हैं। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय मुद्दे के समाधान हेतु उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा जिस पर संगठन के सभी प्रतिनिधियों ने निर्णय लिया। संगठन सदस्य गीता देवी, भंवरी गुर्जर,उच्छव कवर, उषा मीणा, चमेली जैन, कस्तूरी देवी, मीना शर्मा, बदाम बैरवा सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक स्तरीय मुद्दों पर कार्य करने का आश्वासन दिया।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

**किशनगढ़बास, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक दीपचंद खेरिया के मुख्य आतिथ्य एवं पालिका चेयरमैन तारामणि सिंघल प्रधान बद्री प्रसाद सुमन की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव व 12 कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह मनाया एवं विद्यालय में नगर पालिका की ओर से हुए मुख्य द्वार, सुलभ शौचालय तथा इंटक लॉकिंग टाइल निर्माण का लोकार्पण किया गया।

इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धि बताते हुए विद्यालय की प्रमुख मांगों से मुख्य अतिथि सहित अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। श्रेष्ठ विद्यार्थियों को अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया एवं कक्षा 11 के विद्यार्थियों की ओर से क्लास 12 के विद्यार्थियों को विदाई दी।

# स्वच्छता सेवा दल खाटूधाम के लिए रवाना



कोटपूतली का स्वच्छता सेवा दल श्रीखाटूधाम के लिए रवाना हुआ।

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय स्वच्छता सेवा दल टीम शनिवार को श्री खाटू धाम के लिए रवाना हुई। टीम द्वारा श्री श्याम बाबा के लक्खी मेले में विभिन्न प्रकार की सेवायें दी जायेगी।

उल्लेखनीय है कि टीम द्वारा विगत कई वर्षों से श्रीखाटूश्याम बाबा के मेले में सेवायें दी जा रही है। महंत महामंडलेश्वर बालेश्वर दास महाराज, संरक्षक महेश मीणा ने टीम के कार्यकर्ताओं को रवाना किया। संयोजक प्रवीण बंसल ने बताया कि खाटू श्याम मेला मजिस्ट्रेट द्वारा स्वच्छता सेवा दल के कार्यकर्ताओं की ड्यूटी मंदिर परिसर, मेला ग्राउण्ड, मांगीलाल धर्मशाला, प्रधान कैम्प एवं लखदातार ग्राउण्ड के आसपास सेवा के लिए लगाई गई है। इस दौरान गिरवर शर्मा, रमन अग्रवाल, राजेश कुमार यादव, हेमंत मोरीजावाला, हेमंत सैनी, नवीन कुमार अग्रवाल, मनोज सैनी, अमित सैनी, विजेंद्र सैन, राहुल अग्रवाल, राहुल मंगल, बबलू मीणा व अशोक सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जागरूकता रैली निकाली

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** एसबीएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवसीय कार्यक्रम के तहत शनिवार को एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए मुख्य बाजार से होकर रैली का आयोजन किया गया तत्पश्चात पोलादास मंदिर पहुंचकर वहां मंदिर परिसर में श्रमदान किया। रैली का शुभारंभ प्राचार्य डॉ एसके जाट ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय एन एस एस कार्यक्रम प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, सहायक आचार्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा, सांवरमल चौधरी, सुश्री अनीता व समस्त स्टाफ गण उपस्थित रहे।

# सांड की हत्या के मामले में एक जना गिरफ्तार

**सांभरझील, (निसं)।** विगत दिनों ग्राम लूणवा में सांड द्वारा बार-बार खेत में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचाने पर आवेश में आकर सांड की गर्दन पर कुल्हाडी से वार कर उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को महज 48 घंटों में गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारियों की ओर से इसके लिए स्थानीय पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश प्रदान कर मुलजिम की गिरफ्तारी सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देश प्रदान किए थे। धर्मेश दायमा थानाधिकारी नांवा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गौवंध के प्रकरण संख्या 48 / 23 धारा 3/8 राज गौवंश अधिनियम 1995 में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी श्रवणराम को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## मुस्लिम समाज ने शोभायात्रा का स्वागत किया

**मनोहरपुर, (निसं)।** बस स्टैंड से गांधी चौक तक श्रीश्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, यह शोभायात्रा ज्यों ही सैय्यद बाबा मार्केट में निकली तो मुस्लिम समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया। ये देखकर यात्रियों में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। भामाशाह विमल केशुका,सुप्रीम गैस एजेंसी के प्रोपराइटर इंद्र कुमार अग्रवाल, व्यापार मंडल मनोहरपुर के अध्यक्ष महेंद्र कुमार गुर्जर, भामाशाह मामराज जागिड़, भामाशाह डी के सोनी समाज सेवी महिपाल गुर्जर ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम एकता को प्रगाढ़ करने वाला ये मैसेज बहुत अच्छा है। इस अवसर पर सलीम खान शेख, बूंदु खान, इमरान खान, जुबेर खान,हनिस हनिस खान सहित कई मुस्लिम समाज के लोगों ने स्वागत सम्मान किया।

## चिकित्सा मंत्री कई कार्यों का शिलान्यास करेंगे

**मंडावरी, (निसं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे एवं जनसुनवाई भी करेंगे।

चिकित्सा मंत्री मीणा के निजी सहायक अभिलेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा रविवार को दोपहर 12 बजे मंडावरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नव क्रमोन्नत उप जिला चिकित्सालय भवन का नवीनीकरण कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं भवन नवीनीकरण का शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात 27 फरवरी को 11 बजे नगरपालिका मंडावरी में विकास कार्यों की समीक्षा करने के साथ जनसुनवाई भी करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे नगर पालिका लालसोट की साधारण सभा की बैठक में भाग लेंगे व तीन बजे नगर पालिका लालसोट में नवीन विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे।

# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी

- सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता : एड. मनोज चौधरी

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पेजुका स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि युवा रेवॉल्यूशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. मनोज चौधरी ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

विद्यार्थी अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े एवं एक सभ्य एवं काबिल नागरिक बनकर समाज, परिवार, गाँव व विधालय का नाम रोशन करें।

अध्यक्षता पूर्व प्रधानाध्यापक शंकर लाल यादव ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव, देशराज आर्य, नरसी सराधना, शिम्भूदयाल स्वामी आदि मौजूद रहे। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में प्रतिभावान विधार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य योगेश सुरेलिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच संचालन रामकरण गुर्जर ने किया।

## सार-समाचार

### श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव मनाया

**पावटा, (निसं)।** श्रीश्याम सेवक परिवार मांजूकोट, श्री श्याम वंदना परिवार द्वारा पावटा में शुक्रवार रात को समस्त ग्राम जनता के तत्वावधान में बाबा श्याम बाबा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। वहीं श्याम बाबा का अनुपम श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। पावटा में मंडल संरक्षक महेंद्र सिंह चौहान व मांजूकोट में हरिदास महाराज ब्रह्मजोडी व नरसिंह मंदिर मांजूकोट महंत जयराम दास महाराज द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। वही पावटा श्याम मंदिर में सुप्रसिद्ध गायक अनिल टांक ने गणेश वंदना के साथ भजन कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक याली राम, संजय मौला, योगेश शर्मा पावटा ने कई भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को रिझाया। वही सुमित चौहान द्वारा धमाल का आयोजन किया गया।

### लोक गीत व धमाल मस्ती शुरू



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के ईच्छापूर्ण बालाजी मंडली के द्वारा आयोजित चंग एवं बांसुरी पर धमाल कार्यक्रम शुक्रवार रात से शुरू किया गया। जिसमें बांसुरी की स्वर लहरियों पर चंग की थाप पर अलाप के साथ राग धमाल गायन से फागुनी मस्ती का मनोहारी नजारा देखने को मिला। मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र सैन ने बताया कि लोक संस्कृति को जीवित रखने की मंशा को लेकर कस्बे में इसके प्रति रूचि रखने वाले कलाकारों को एकत्रित कर होली तक शाम 7 बजे से रात 10बजे तक धमाल कार्यक्रम विविध स्थानों पर करने का निश्चय किया गया है। इसके तहत शनिवार को चौपड़ शिव मंदिर से शुरू होकर मस्तों की टोली रीगंस बाजार गोपीनाथ मंदिर से राजपथ पर रघुनाथ मंदिर होती हुई स्टेशन रोड इच्छा पूर्ण बालाजी मंदिर पहुंची। इस कार्यक्रम में बांसुरी वादक परमेश्वर सांखला, चंग रसिया विजय कुमावत, सुरेन्द्र जांगिड़, प्रहलाद ,नवल फूलका, महेन्द्र खडोलिया,कवि व गीतकार कुमार तनसुख सहित अन्य कलाकारों प्रस्तुति दी।

### संत सम्मेलन का समापन

**बसवा, (निसं)।** बसवा के सांवलिया धाम करनावर में दत्तात्रेय आश्रम पर तीन दिवसीय संत सम्मेलन का शनिवार को समापन हुआ। संत सम्मेलन में हरिद्वार, उज्जैन, गुजरात, पलवल, जयपुर समेत अनेकों स्थानों से सैकड़ों की संख्या में साधु संत दिलीप गिरी आश्रम सांवलिया धाम पहुंचे। दत्तात्रेय आश्रम के दिलीप गिरी महाराज ने बताया कि सैकडों की संख्या में साधु संतों का आश्रम पर मान सम्मान किया गया। साथ ही भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की।

### परीक्षा के दौरान इन्टरनेट बंद रहेगा

**अलवर, (निसं)।** संभागीय आयुक्त प्रकाशराज पुरोहित ने आदेश जारी कर राजस्थान प्राथमिक (लेवल-1) एवं उच्च प्राथमिक (लेवल-2) विद्यालय अध्यापक सीधी भर्ती परीक्षा 2022 के सफल निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण आयोजन हेतु व्यवस्थाओं का सुदृढ एवं सतर्कता पूर्वक कराने की दृष्टि से परीक्षा की लोक सुरक्षा एवं लोक आपात को दृष्टिगत रखते हुए अलवर जिले के तहसील अलवर, रामगढ, किशनगढबास एवं मालाखेडा में इन्टरनेट सेवाऐं 2जी/3जी/4जी डाटा (मोबाइल इन्टरनेट), इन्टरनेट सर्विसेज, ब्लक एसएमएस/ एमएमएस, वाट्सएप, फेसबुक, टिविट्र, सोशल मीडिया सेवाऐं (लीज लाईन एवं ब्रॉडबैंड सेवाऐं/लैडलाईन फोन के साथ प्रदत इन्टरनेट सेवाओं को छोडते हुए) 26 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक अस्थाई प्रतिबंध लगाए हैं।

### उर्स मुबारक 27 को मनाया जाएगा

**देवली, (निसं)।** 27 फरवरी को यहां स्थानीय झाड़ी शाह वली की दरगाह में 23 वां उर्स मुबारक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। दरगाह के खादिम शकील अहमद (बंटी ) ने बताया कि शहर के हजरत झाड़ी शाह वली का 23 वां उर्स मुबारक दरगाह में मनाया जाएगा। उर्स मुबारक मौके पर दरगाह में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर सोमवार को शहर के सदर मस्जिद से दोपहर 2 बजे शाह वली की चादर रवाना होगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई हर्ष उल्लास के साथ दरगाह शरीफ शाम 6 बजे पहुंचेगी। इस दौरान शाह वली की मजार पर चादर पेश की जाएगी। इसके बाद दरगाह परिसर में कई मजहबी कार्यक्रम आयोजित होंगे। उर्स मुबारक पर मुंबई के मशहूर कव्वालों द्वारा कलाम पेश किए जाएंगे।

### एडवोकेट मीमरोठ को श्रद्धांजलि दी

**अलवर, (निसं)।** दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएस) की ओर से शनिवार को दलित अधिकारों के लिए आंदोलन की सशक्त आवाज रहे एडवोकेट पी एल मीमरोठ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुध विहार में आयोजित शोक सभा में एडवोकेट मीमरोठ के दलित उत्थान के लिए जीवन पर्यंत किए प्रयासों को याद किया। उन्होंने अपना देहदान कर अंत समय में भी समाज के प्रति समर्पण का परिचय दिया। इस अवसर पर डीएसएमएम के जिला संयोजक एडवोकेट बीएल वर्मा,सह संयोजक फतेहसिंह एवं एडवोकेट श्याम सुंदर जाटव,खेमचंद जाटव, एडवोकेट पंकज सांवरिया, महेश जाजोरिया,फूलचंद, प्रीतमसिंह,रईसा प्रोफेसर सुंदर बसवाल,डॉ.शिवचरण चेडवाल, डॉ.संजय रायपुरिया, डीएसएमएम प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा ने पी एल मीमरोठ के दलित उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया।

### आज समस्त बाजार बंद रहेगा

**टोंक, (निसं)।** व्यापार महासंघ के आव्हान पर जिला मुख्यालय पर हर माह के अंतिम रविवार की भांति इस माह के अंतिम रविवार 26 फरवरी को समस्त बाजार बंद रहेंगे। यह जानकारी व्यापार महासंघ टोंक के महामंत्री आनंद वर्धन बंम ने दी।

# चिकित्सा मंत्री ने लोगों की समस्याएं सुन अधिकारियों को निर्देश दिये

**रामगढ पचवारा, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीना ने शनिवार को राहूवास तहसील कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी।

जन सुनवाई में राजस्व विद्युत, पेयजल, पेंशन, रास्ते आदि समस्याओं से ग्रामीणों ने चिकित्सा मंत्री को अवगत कराया गया। वहीं मंत्री मीना ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं जनसुनवाइ में रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति की विकास अधिकारी प्रियंका मीणा को नरेगा में श्रमिक बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए। इस दौरान दौरान ग्राम मानपुरिया के ग्रामीणों ने खातेदारी से रास्ता निकालने के मामले की शिकायत की गई। सरपंच प्रतिनिधी बद्रीलाल ने गांव रालावास ने थाना क्षेत्र राहूवास में न जोड रामगढ पचवारा थाना क्षेत्र में ही रखे जाने की मांग की गई जिसे मंत्री मीणा ने नकारते हुए राहूवास थाना क्षेत्र अधिक सुगम रहने की बात कही। इसी बीच जनसुनवाई में प्रधान पति मोहनलाल मीना ने बताया की राउमावि राहूवास में शिक्षण व्यवस्था चरमरा गई है शिक्षक लापरवाह बने हुए है विधार्थी स्कूल समय में बाजार में घूमते रहते हैं। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य दिनेश मिश्र कमल मीणा कार्यक्रम कार्डिनेटर जगदीश राडा मंडल अध्यक्ष डा.रामफूल सैनी रामनारायण मीना सत्यनारायण मीना बाबूलाल मीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



रामगढ़ उपखंड के राहुवास ग्राम में चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने जनसुनवाई की।

## बालिका स्कूल में वार्षिकोत्सव मनाया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के हलवाई बाज़ार के निकट स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय परिसर पर शनिवार को प्रधानाचार्या नविता वर्मा की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सत्यनारायण सैनी, एवं विशिष्ट अतिथि निर्माण संस्था खण्डेल के निदेशक रामेश्वर लाल वर्मा, रतनी देवी कुमावत, प्रमोद जांगिड़, डॉ. संजय यादव, अरुणा आमेरिया, शंकर लाल मीणा रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सैनी ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की धूरी हैं। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अंधकार मय हैं। इस मौके पर विद्यालय की बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत किये। इस दौरान प्रधानाचार्या नविता वर्मा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मंच संचालन अध्यापिका शर्मिला भाटिया ने किया। इस मौके पर बोर्ड परीक्षा परिणाम में अव्वल रहने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सैकड़ों छात्राएं मौजूद रही।

# अग्रवाल समाज द्वारा निकाली जा रही बिंदोरी को पुलिस ने रोका

- अग्रवाल समाज व पुलिस प्रशासन आमने सामने, भारी पुलिस जाप्ता तैनात
- शादी के 50 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले अग्रवाल समाज के 72 जोड़ों की निकाली जा रही सामूहिक बिंदोरी (जुलूस)

**मालपुरा, (निसं)।** शादी के 50 वर्ष पूर्ण कर लेने वाले अग्रवाल समाज के 72 जोड़ों की शनिवार की देर शाम को समाज द्वारा मालपुरा में निकाली जा रही सामूहिक बिंदोरी (जुलूस) को 4 थानों के पुलिस जाब्ते ने गांधी पार्क पर एकाएक रोक लेने से मौके पर तनाव हो गया।

हजारों की संख्या में मौजूद अग्रवाल समाज के लोगों को बिंदोरी लेकर गांधी पार्क से आगे जाने से पुलिस प्रशासन ने यह कहकर रोक लिया कि आयोजकों को जुलूस की स्वीकृति गांधी पार्क तक दी गई है झुलस को आगे नहीं जाने दिया जाएगा।

स्वीकृति को लेकर अग्रवाल समाज व पुलिस प्रशासन आमने-सामने हो गया। पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान सहित चार थानों का जाप्ता आधे जुलूस को बीच रास्ते में ही पुलिस जीप को बीच सड़क पर लगा रोक लेने से समाज के लोगों का गुस्सा उग्र हो गया। अग्रवाल समाज 84 के संरक्षक त्रिलोक चंद जैन सहित लोगों का कहना था कि बिंदोरी की स्वीकृति पांडुकशीला से शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरने व गांधी पार्क जैन मन्दिर में समापन होने के लिए ली गई है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा बीच रास्ते में ही बिंदोरी जुलूस को रोक लेना तानाशाही है। जिसे अग्रवाल समाज बर्दाश्त नहीं करेगा।

पुलिस जीप व जवानों के साथ आधा जुलूस गांधी पार्क से आगे माणक चौक निकल की ओर निकल गया तो आधे जुलूस को गांधी पार्क पर ही रोक दिया गया। हजारों अग्रवाल समाज के लोगों और पुलिस प्रशासन के बीच तकरीबन आधा घंटे तक टकरार होती रही पुलिस अपने निर्णय पर अड़ी रही। भीड में शामिल महिलायें सुरक्षा को लेकर जगह तलास ती रही।

लोगों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए मोके पर मालपुरा, लाम्बाहरीसिंह, पचेवर, डिग्गी थानों का मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया तथा पुलिस उपाधीक्षक सुशील मान ने जिला पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत करा टोंक से अतिरिक्त पुलिस जाप्ता मंगवाया गया।